बिहार सरकार
समाहरणालय, नवादा
नवादा 805110
(जिला गोपनीय शाखा)

प्रेषक पत्रांक --- /गो0 नवादा, दिनांक 16/11/2019

जिला पदाधिकारी
नवादा ।

सेवा मे,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रजौली।

**विषय** :- एन0एच0–31 से अनुमंडल कार्यालय एवं महादेव मोड (एन0एच0–31) से वन विभाग के विश्रामगृह तक सम्पर्क–पथ की मरम्मती/जीर्णोद्धार के संबंध में।

**प्रसंग** :- अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली का ज्ञापांक–2480 दिनांक–15.11.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया निदेश करें। प्रासंगिक पत्र द्वारा एन0एच0–31 से अनुमंडल कार्यालय एवं महादेव मोड़ (एन0एच0–31) से वन विभाग के विश्रामगृह तक सम्पर्क–पथ की मरम्मती/जीर्णोद्धार कार्य कराने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि निकट भविष्य में माननीय मुख्यमंत्री बिहार का भ्रमण कार्यक्रम संभावित है। उक्त आलोक में विषयाकित पथों की मरम्मती/जिर्णोद्धार नितान्त आवश्यक है। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 11.11.2019 को आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया द्वारा रजौली भ्रमण के दौरान उक्त पथों की मरम्मती हेतु निदेशित किया गया है।

अतएव उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक पत्र के सदर्भ में निदेश है कि एन0एच0–31 से अनुमडल कार्यालय एवं महादेव मोड़ (एन0एच0–31) से वन विभाग के विश्रामगृह तक सम्पर्क–पथ की मरम्मती/जीर्णोद्धार कार्य कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :–यथोपरि।

विश्वासभाजन,

जिला पदाधिकारी,
नवादा।

Scanned with CamScanner